24	MARITAL SPATS AND SUPPORTIVE TALKS	BELA MAHANT	27
25	MARITAL ADJUSTMENT	SMT . PRATIBHA DUBEY	27
26	INTERPERSONAL RELATIONSHIP OF STUDENT AND TEACHERS	KU. APURVA SHARMA	28
27	IMPACT OF SHIFT WORK AND SEX ON SOCIAL AND MARITAL ADJUSTMENT	MRS. ALKA AGRAWAL	29
28	CHILD PARENT RELATIONSHIP	SMT. SEEMA JAYSI	30
29	CHILD PARENTS RELATIONSHIP	DR.SUCHI CHOUDHAI	31
30	CHILD - PARENTS RELATIONSHIP	SUMITRA MANHAR	32
31	ACHIEVEMENT GOALS IN THE CLASSROOM	DR. SANGEETA SHRIVASTAVA	32
32	SOCIAL ADJUSTMENT	ALISHA PARVEEN	33
33	बालक अभिभावक संबंध	डॉ. भावना रमैया	34

Govt. M.S. Naveen Girls College Bilaspur (C.G.)

34	"राँची जिले के सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालय	डॉ. आशा प्रसाद, रश्मि प्रभा	35
35	परिवारिक अलगाव एवं बालमन एक मनोवैज्ञानिक	डॉ. रेखा बागडे	36
36	अभिभावक बालक संबंधों में असंतुलन और	श्रीमती ज्योति बाला चौबे डॉ. श्रीमती रूपम अजीत यादव	38
37	समाजिक समायोजन बालकावस्था के संदर्भ में	डॉ. पी.डी. महंत	39
38	किशोर अपचारिता किशोर न्याय अधिनियम 2000	डॉ.भावना कमाने, डॉ.शशिकला सिन्हा	41
39	मनोचिकित्सा की आवश्यकता	श्रीमती रेखा मखीजा	42
40	मनोविकारों का निवारण एवं अन्तर्व्यतित्वसम्बध........	डॉ. जयश्री शुक्ला	43
41	मानसिक रूप से स्वस्थ कैसे रहें	डॉ. आशा सिंह	44
42	वैवाहिक समायोजन की समस्या	डॉ. प्रतिभा शर्मा	45
43	सामाजिक समायोजन अन्तवैयक्तिक चिकित्सा	प्रो. मोनिका शर्मा	46
44	समाजिक समायोजन एक आवश्यकता	श्रीमती आस्था गौरहा	47
45	बच्चों के विकास में माता–पिता की भूमिका	डॉ. हरिणी रानी आगर, डॉ. एम. आर. आगर	48
46	अपराध को रोकने में परिवार की भूमिका	डॉ. श्रीमती नाज बेन्जामिन	49
47	" बच्चे और माता–पिता के बीच संबंध"	डॉ. एल. एन. दुबे, कु. रेखा प्रधान	51
48	मनस्ताप	डॉ. दीपक शुक्ला, डॉ. संगीता शुक्ला	53
49	परिवारिक संबंधों का बदलता स्वरूप	डॉ. श्रीमती अर्चना शुक्ला	54
50	भगोड़ापन एक मनोवैज्ञानिक समस्या	शोभा महिस्वर	55
51	सामाजिक समायोजन का अभाव	डॉ. श्रीमती शशिकला सिन्हा	56
52	मानसिक स्वास्थय पर अन्तरवैयक्तिक संबंध का प्रभाव	सुश्री ललिता साहू	56
53	मनोचिकित्सा	डॉ. श्रीकान्त मोहरे	57
54	शिक्षक और छात्र के बीच आपसी संबंध	प्रतीक्षा तिवारी	58
55	"छात्र–शिक्षक अंतर सम्बन्ध"	प्रीति पटेल	59
56	वैवाहिक सामायोजन	ऋतु गौरहा	61
57	अभिभावक एंव संतानों के मध्य एक मनोवैज्ञानिक समस्या	कु. प्रथा शर्मा	61
58	शिक्षक – छात्र संबध में संवाद का महत्व	श्रीमती स्नेहलता सिंह, कु. राजकुमारी साहू	62
59	परिवारिक विघटन	कु. आरती साहू	63
60	साइको किलर उदयन–केस स्टडी	सृजन महंत	64
61	"परिवार अलगाव"	डॉ. एल. एन. दुबे, नेहा मौर्य एवं निधि मौर्य	66
62	अन्तरव्यक्तित्व संबंध और अपराध	कु.रोशनी मिश्रा	68
63	"बच्चे और माता पिता अन्तः संबंध"	कु. प्रियंका यादव	69
64	मानसिक विकास –शौशवास्था, बाल्यावस्था, किशोरावस्था	कु.गीता अचारी, अनिता बरगाह	70
65	घरेलू हिंसा का शिकार होती महिलाएँ	त्रिवेणी साहू, सरिता ध्रुव	71
66	समाज में महिलाओं के प्रति बढ़ता अपराध	मोनिका साहू , सरिता सूर्यवंश	72
67	वर्तमान परिवेश में बढ़ता युवा तनाव	सुनिता साहू , आरती ताम्रकार	73
68	वर्तमान समाज में तलाक की बढ़ती प्रवृत्ति	रश्मि सिंह ठाकुर, पूर्णिमा साहू	74
69	युवाओं में बढ़ता असंतोषः कारण व निदान	कु. प्रज्ञा शर्मा, कु.विजेता ठाकुर	75
70	भाई–बहिन का रिश्ता एवं अभिभावक की भूमिका	कु. मिनाक्षी साहू, हेमलता साहू	76
71	मनोवैज्ञानिक समस्या के निदान में भाषा की भूमिका	कु. निकिता देवांगन, कु. बैंजंती कोठारी	77
72	परिवारिक विघटन	कु. आरती साहू	78
73	अभिभावक और बच्चों के बीच सम्बन्ध	शशिकला सूर्यवंशी, शकुन्तला साहू	79
74	तनाव में जीती युवा पीढी	सालिक राम पटेल	80
75	माता पिता के लिये जरूरी है बच्चो की मनोविज्ञान	श्रवण कुमार साहू	80
76	व्यवहारगत समस्याएं एवं पारिवारिक संबंध	डॉ (श्रीमती) सीमा मिश्रा, सुश्री सुषमा घई	81
77	DOPAMINE –A CHEMICAL RESPONSIBLE FOR	Dr Seema Mishra	83
78	ACADEMIC & ADMINISTRATIVE SETUP OF		85

Govt. M.S. Naveen Girls College Bilaspur (C.G.)

नयी वस्तु के बारे में जानना चाहते है और अनेक प्रश्न अपने माता–पिता के समक्ष वे करते है किन्तु माता–पिता यदि प्रश्नो का यथोचित उत्तर नही देते है तो बच्चो पर उसका गलत प्रभाव पड़ता है और उनके मन में खिन्नता एवं तनाव उत्पन्न होता है आत्मविश्वास में भी कमी आती है इसके फलस्वरूप उचित समायोजन उनके मध्य नही हो पाता है और निकट भविष्य में विषाद मे जाने की सम्भावना बढ़ जाती है।

कुछ माता–पिता अपने बच्चो से उनकी अभियोग्यता से भी अधिक अपेक्षा रखते है वे उनकी रूचि परिस्थिति व्यक्तित्व का ध्यान नही कर पाते है तो उन्हे माता–पिता की डॉट एव उपेक्षा का सामना करना पड़ता है जिनसे उनमें सम्प्रत्यय विकसित हो जाता है जो आगे चलकर विभिन्न मनोवैज्ञानिक समस्याओं को जन्म देता है।

...

शिक्षक – छात्र संबध में संवाद का महत्व

श्रीमती स्नेहलता सिंह, कु. राजकुमारी साहू
एम.ए.पूर्व (हिंदी), शा.माता शबरी नवीन कन्या महाविद्यालय बिलासपुर

मानव समाज में शिक्षा प्रदान करना और शिक्षा ग्रहण करना दोनो ही महत्वपूर्ण कार्य माने जाते रहे है। ज्ञान अथवा शिक्षा प्रदान करने और ग्रहण करने के लिए ही गुरू शिष्य का संबंध बना है । गुरू शिष्य अथवा शिक्षक छात्र का संबंध इसलिए महत्वपूर्ण हो जाता है, इस संबंध के उपरान्त ही पशु समान मनुष्य के ज्ञानी बनने की प्रक्रिया आरंभ होती है। प्राचीन काल में शिक्षा ग्रहण करने के लिए छात्र गुरूकुल अथवा आश्रम में जाया करते थे । उस काल में गुरू शिष्य का संबंध बहुत महत्व पूर्ण होता था । शिक्षा प्रदान करने वाले गुरू हो भगवान तुल्य माना जाता था अपने शिष्यो के प्रति गुरू का व्यवहार भी पिता तुल्य हुआ करता था गुरू अपने संतान कें भाँति शिष्यों के भविष्य के प्रति चिंतित रहते थे और उन्हे शिक्षित करने के लिए यथा स्वभाव प्रयत्न किया करते थे एक पिता के समान गुरू गलती करने पर शिष्यो को सख्त सजा भी दिया करते थे। ताकी अपनी गलती का अनुभव करके शिष्य उसे दोहराने का प्रयत्न न कर सके उस काल में शिष्य भी गुरू द्वारा दि गयी सजा को सहर्ष स्वीकार किया कर लेते थे अपने गुरू पर पूर्व विश्वास होता था।

गुरूकुल परम्परा समाप्त होने के साथ ये गुरू शिष्य के संबंधी में गिरावट आने लगी आश्रमों के स्थान पर विद्यालय – महाविद्यालय बनाने लगे छात्रो के लिए शिक्षा ग्रहण करना जीवन की आवश्यकता बनी रही । परन्तु शिक्षको के लिए विद्यालय में जाना मात्र नोकरी करना रह गया । अब शिक्षा छात्र के संबंध व्यावसायिक हो गया शिक्षक मनाने लगे कि छात्रो की पढ़ना उनकी विवशता है क्योकि इसी कर्य के लिए उन्हे वेतन मिलता है । स्नेह विचार धारा का शिक्षक छात्रो के संबंधो पर प्रतिकुल प्रभाव पडा और शिक्षक छात्रो के संबंध की गरिमा बिखरने लगी। शिक्षक को छात्रो के प्रति

M.S. Naveen Girls College Govt. Bilaspur (C.G.)

पिता तुल्य व्यवहार नही रहा और छात्रो के हृदय में शिक्षक के प्रति आदर भाव घटने लगे ऐसी स्थिति में छात्रों के गलती पर शिक्षको के सख्त व्यवहार का भी व्यवहार का विरोध करने लगा, शिक्षको द्वारा छात्रो को सजा देना तो स्वपना की बात रह गयी।

आज शिक्षक छात्रो के संबंधो को पूर्णतया पतन हो चुका है। शिक्षा छात्र के संबंध में हुये पतन का दुष्परिणाम भी नई पीढ़ी को भुगतना पड रहा है। नई पीढ़ी में नैतिक – शिक्षा और संस्कार का भी अभाव देखने को मिल रहा है।

शिक्षक – छात्रों संबंधो में सुधार हेतु कदम –

(1) प्रशासनिक तौर पर छात्रों के अनुपात में शिक्षको की संख्या पर्याप्त हो ताकि शिक्षक प्रत्येक छात्र के नाम एवं स्वभाव से पुर्णतः परिचित हो एवं शिक्षक – छात्र के बीच संवाद के अवसर अधिक हो।

(2) संवाद और भाव संप्रेषण ही संबंधों के आधार होते हैं। समय समय पर विषयगत व्याख्यांत के अतिरिक्त विद्यार्थियो कि समस्या निवारण हेतु स्वस्थ वातावरण में शिक्षक छात्रो में सकारात्मक बातचीत होनी चाहिए।

परिवारिक विघटन

कु. आरती साहू
एम.ए. (सेमेस्टर) राजनीतिक विज्ञान, शासकीय माता शबरी नवीन कन्या महाविद्यालय बिलासपुर (छ.ग.)

परिवारिक विघटन आज के आधुनिक युग में बहुत ही हो रहा है क्योंकि आज के समय में परिवारिक संबंधों का बड़ा ही प्रभाव पड़ रहा है। प्रत्येक बालक के व्यक्तित्व के विकास के क्षेत्र में भी परिवार का महत्व होता है, माँ से अगर बालक वंचित रखा जाता है तो बालक पर प्रारम्भिक परिवारिक अनुभवो का महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। जन्म के बाद बालक का पहला वातावरण परिवार ही होता है, यही वातावरण बालक में कुछ अभिवृत्तियो का निर्माण करता है। बालको के विकास में परिवारिक संबंधो के महत्वपूर्ण स्थान देखने को मिलता है। अभी के समय में परिवार का आकार छोटा ही देखने को मिलता है। गांव की अपेक्षा शहरों के परिवार अधिक छोटे होते है, गांव और शहरों की अपेक्षा बहुत कम पढ़े – लिखे लोगो की अपेक्षा पढ़े – लिखे लोगो के परिवर अपेक्षाकृत अधिक छोटे होते है। भारतीय परिवारो में तालाक की प्रथा आज एक सामान्य सी बात हो गई वर्तमान समय में पुर्नविवाह भी पहले की अपेक्षा अधिक होने लगी है, बच्चा के जन्म के बाद पिता का कार्य पहले से बढ़ जाता है। परिवारिक विघटन के अनेक कारण है, औधौगिकरण और नगरीकरण है, बेरोजगारी सुविधाओ का अभाव, अन्य संस्कृतियो का प्रभाव आदि कुछ कारण है, जिनके

M.S. Naveen Girls College Govt. Bilaspur (C.G.)

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। मनुष्य का अस्तित्व समाज से जुड़कर ही सार्थक होता है। बौद्धिक, आर्थिक उन्नति की सामाजिक महत्व है। समाज से कटकर व्यक्ति के विघटन का परिणाम है–उदयन एक साइको किलर।

"परिवार अलगाव"

डॉ. एल. एन. दुबे
विभागाध्यक्ष अर्थशास्त्र

नेहा मौर्य एवं निधि मौर्य
एम.ए. अंतिम

शासकीय माता शबरी नवीन कन्या महाविद्यालय बिलासपुर (छ.ग.)

अकेलेपन के कारण – अकेलेपन का कारण आनुवांशिकता से संबंधित है किन्तु इसके अनेक बाहरी कारण भी है जिसके कारण अनेक लोगो मे सामाजिक अकेलापन इतना अधिक बढ़ जाता है।कि लोग अवसादग्रस्त होकर आत्म –हत्या भी कर लेते है।

एक व्यक्ति जिसे उसके परिवार तथा मित्रो ने ठुकरा दिया या उपेक्षित किया है उसमें अवसाद तथा अकेलापन तेजी से बढ़ सकता है, यह तब भी हो सकता है जब किसी ने मजाक उडाया हो।

- शारीरिक अक्षमता तथा अत्यधिक अन्तर्मुखी ,स्वभाव व्यक्तियो को यह सोचने पर मजबुर कर सकता है कि वह समाज या किसी समूह में घुलने मिलने में असक्षम है। यद्यपि ये व्यक्ति जनसमूह या समाज में घुलने मिलने की हर संभव कोशिश करते है किन्तु वे उन बेड़ियो तथा बाधाओ को तोड़ने में समर्थ नही हो पाते , जो उन्हे समूह का हिस्सा बनाए।
- वे व्यक्ति जो अत्यधिक संवेदनशील तथा भावात्मक होते है,यदि उनके जीवन मे कोई ऐसी घटना जैसे तलाक या साथी से अलगाव हो जाए तो इसका प्रभाव उनके मानसिक स्वास्थ्य पर गहरा होता है।
- अपने जीवन साथी की मृत्यु तथा तलाक किसी भी व्यक्ति को अकेलेपन तथा अवसाद की ओर धकेल सकते है।
- अवसाद बढ़ती उम्र की सबसे सामान्य समस्या है यह शारीरिक शक्ति व गति को कम करके उम्रदराज व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य पर प्रभाव ड़ालता है।
- पुराने परम्परागत समय में बुजुर्ग लोगो की सर्वोच्च स्थिति होती थी वे समाज की परम्पराओं तथा संस्कृति के रक्षक होते थे। परन्तु आधुनिक समय मे सब कुछ बदल गया है, और बुजुर्ग लोग हाशिए पर ढकेल दिए गए है वे परिवार तथा पडोस दोनो मे ही उपेक्षित किए जा रहे है। यही उपेक्षा उनमे अकेलापन और दुःख बढा रही है।

Govt. M.S. Naveen Girls College Bhaspur (C.G.)

अकेलेपन का बुरा प्रभाव

अकेलापन एक गंभीर अवस्था है लम्बे समय तक अकेलापन तथा अपनो से दूर होना स्वास्थ्य के लिए अत्याधिक घातक हो सकता है।

- यह अल्कोहल लेने की प्रवृत्ति बढ़ा सकता है। लोग आत्म हत्या तक कर लेते है तथा अनेक मानसिक बीमारियो के शिकार हो जाते है।
- अकेलापन मानसिक बीमारियो का मुख्य कारण है यह मस्तिस्क की कार्यप्रणाली को प्रभावित करता है इससे व्यक्ति शारीरिक दर्द का भी अनुभव करता है।
- अकेलापन में तनाव देने वाला हारमोन कोर्टिसोल सुबह के समय असामान्य रूप से अधिक सकिय होता है तथा पूरे दिन भर में ही यह समान्य नही हो पाता है
- लगातार अकेलेपन जब मस्तिस्क की सामान्य प्रणाली से मिल जाता है तब मानसिक बिमारिया जैसे–डिमेनशिआ का खतरा अत्यधिक बढ़ जाता है।
- लम्बे समय तक अकेलेपन के कारण हृदय उत्तको को एंव रक्त धमनियो को क्षति पहुचती है इसके कारण हृदयघात , पक्षघात एंव हृदय संबंधी अन्य बिमारियो का खतरा बढ़ जाता है।
- अनेक अध्ययन यह सिद्ध करते है कि जो व्यक्ति बिना किसी साथी के जीवनयापन करते है उनमे लकवा , हार्ट अटैक , समय पूर्व मृत्यु आदि अनेक जटिलताए हो सकती है, उन व्यक्तियो की तुलना मे जो अपने परिवारो के साथ रहते है।
- यह देखा गया है कि जो व्यकित अकेले रहते है उन्हे नींद संबंधित अनेक समस्याए होती रहती है लगातार रहने वाला अवसाद तथा बेचेनी इन्सोमेनिया तथा नींद से संबंधित बिमारियो का कारण है।

अकेलापन दूर करने के लिए टिप्स

अकेलापन तथा दूसरे लोगो से अलग होकर रहना उदासी का भाव केवल एक मानव संवेग नही है बल्कि यह एक जटिल भाव है जो साथी की कमी या अभाव से उत्पन्न होता है।

- सामाजिक गतिविधियो में भागीदारी तथा लोगो में घुलने से अकेलापन दूर होता है तथा मानसिक स्वास्थ्य मे सुधार होता है।
- अकेलेपन की भावना को समझना बहुत महत्वपूर्ण है। अकेलापन एक भावना है जिससे मनुष्य दुःखी रहता है तथा दर्द का अनुभव करता है तथा इसके कारण को ढूढने की कोशिश करता है। कि मैं अकेला क्यो हूँ। इसका कारण यह है कि कोई भी मुझसे प्यार नही करता है क्योकि मे जीवन मे कभी कुछ नही पा सकता यह बाते व्यक्ति को तंग कर देती है।
- अपने आपको अलग–अलग करने की बजाय लोगो से अपने परिवार के सदस्यो तथा अपने दोस्तो से मेल – जोल रखे । स्वस्थ्य रिश्ते आपको अकेलेपन से लड़ने , उदासी दूर करने में बहुत सहायक सिद्ध होंगे।

Govt. M.S. Naveen Girls College Bilaspur (C.G.)

घरेलू हिंसा का शिकार होती महिलाएँ

त्रिवेणी साहू एवं सरिता ध्रुव
एम.ए. अंतिम (समाजशास्त्र), शास. माता शबरी नवीन कन्या महाविद्यालय बिलासपुर (छ.ग.)

आज केवल भारत में ही नही अपितु सभी देशो में करोड़ो स्त्रियाँ घरेलू हिंसा का शिकार है ऐसा लगता है कि यह एक ऐसाा सार्वभौमिक तथ्य बन गया है। जिस पर संस्कृति धर्म अथवा नृजातीयता का कोई प्रभाव नही पढ़ता है रोजाना अनगिनत स्त्रियों से उनके पतियों तथा परिजनों द्वारा मनोवैज्ञानिक शारीरिक एवं लैंगिक रूप में दुव्यवहार किया जा रहा है। यद्यपि भारतीय दण्ड संहिता की धारा 498 में पत्नी एवं बच्चों के साथ इस प्रकार के दुव्यवहार के लिए शिकायत का प्रावधान किया गया है तथापि यह धारा बहुत कम प्रचलन में है अमेरिका जैसे देश में स्त्रियों के प्रति हिंसा अमान्य एवं दण्डनीय अपराध है। घरेलू हिंसा की जड़े बहुत गहरी होती जा रही है तथा इसका कोई एक कारण बता पाना कठिन है।

न्यायमूर्ति डा. वेनूगोपाल ने हमारा इस ओर आकर्षित करने का प्रयास किया है कि अनेक कामकाजी स्त्रियों का अपनी आय पर किसी प्रकार का नियंत्रण नही है प्रति माह जितना वेतन उन्हे मिलता है वह पति द्वारा डरा धमकाकर या अन्य किसी दबाव से उनसे ले लिया जाता है उन्हे घर का सारा काम करने के साथ – साथ अपने व्यवसाय संबंधी दायित्वों को भी पूरा करना पड़ता है।

घरेलू हिंसा का संबंध घर गृहस्थी में नारी का किया जाने वाला शारीरिक और मानसिक उत्पीड़न है, विवाह के समय स्त्री सुनहरे स्वप्न देखती है कि अब प्रेम, शान्ति व आत्म उपलब्धि का जीवन प्रारंभ होगा। परन्तु इसके विपरीत सैकडों विवाहित स्त्रियों के यह सपने क्रूरता से टूट जाते है। वे पति द्वारा मार – पीट और यातना की अन्त हीन लम्बी अंधेरी गुफाओं में अपने आपको पाती है। जहॉ उनकी चीख–पुकार सुनने वाला कोई नही होता।

सोनल का कहना सही है कि इस घरेलू हिंसा के विरूद्ध संगठित प्रयास किया जाना जरूरी है। नगरों में स्त्रियों को परस्पर बातचीत करना सीखना चाहिए और एक – दूसरे के अनुभवों से फायदा उठाना चाहिए। सबसे बड़ी जरूरत तो ऐसे संरक्षण गृहों की है जहॉ ऐसी परिस्थिति में स्त्री अपने बच्चों के साथ सिर छिपा सके और फिर इसी दशा में आवश्यक कदम उठा सके। यहॉ यह बता दिशा जाना आवश्यक है कि कानून की दृष्टि से स्त्री के प्रति यह घरेलू हिंसा एक अपराध है और पुलिस का यह दायित्व है कि ऐसे मामलो की जॉच करे। ऐसा न करना उनकी कार्य के प्रति लापरवाही समझी जाती है जो दण्डनीय है किसी भी व्यक्ति के प्रति हिंसा निजी विषय नही हो सकता। यह तो सार्वजनिक मामला है।

समाज में महिलाओं के प्रति बढ़ता अपराध

मोनिका साहू एवं सरिता सूर्यवंश

एम.ए. अंतिम (समाजशास्त्र), शास. माता शबरी नवीन कन्या महाविद्यालय बिलासपुर (छ.ग.)

नारी तुम केवल श्रद्धा हो, जीवन रजत मद परद तल में।

पीयूश श्रोत सी बहा करो, जीवन के सुन्दर समतल में।।

पहले जिस समाज में मलिाओं की पूजा की जाती थी, आज उसी समाज में महिलाओं की न केवल अपेक्षा की जाने लगी है। अपितु महिलाएँ उत्पीड़न और प्रताड़ना का शिकार होने लगी। राष्ट्रीय महिला आयोग ने अपनी रिपोर्ट में लिखा है कि देश में 54 मिनट में एक बलात्कार, 26 मिनट में एक छेड़छाड़, 43 मिनट में एक अपहरण और 102 मिनट में एक दहेज, हत्या का अपराध होता है। आज समाज में स्त्रियों के प्रतिजो घृणित प्रवृत्ति का विकास होता जा रहा है, यह स्वस्थ समाज की निशानी नही, एक बिमार, विकारग्रस्त समाज की तस्वीर पेश करने वाले तथ्य है। आज समाज में स्त्रियों को इससे उबारने की आवश्यकता है। इन अनेक अपराध की समस्याओं में स्त्रियों के विरूद्ध अपराध की समस्या सबसे अधिक ज्वलंत और जटिल है।

यह समस्या समाज वैज्ञानिको तथा शोधकर्ताओं का जितना ध्यान आकर्षित करती है। अन्य कोई समस्या नही करती है। महिलाओं के विरूद्ध अपराध भारतीय समाज की कोई नई समस्या नही है। भारतीय समाज की महिलाएँ लम्बे समय से यातना और शोषण का शिकार रही है।

आजादी के बाद संवैधानिक अधिकारों की गारण्टी दी गयी है, फिर भी महिलाओं के विरूद्ध अपराधो की संख्या में किसी प्रकार की कोई कमी नही आयी है। आज भी महिलाओं को पीटा जाता है। उनका अपहरण किया जाता है। उनके साथ बलात्कार किया जाता है। उनको जला दिया जाता है। उनकी हत्या कर दी जाती है। इसी प्रकार आज भारतीय समाज महिलाओं के विरूद्ध किये जाने वाले अपराधों का जीता जागता नमूना है।

महिलाओं के विरूद्ध अपराधों का विवरण –

1.	धारा 376	–	बलात्कार
2.	धारा 363 – 376	–	अपहरण
3.	धारा 302 – 304 बी.	–	हत्या तथा दहेज हत्या
4.	धारा 498 – ए. –		शारीरिक तथा मानसिक प्रताड़ना
5.	धारा 354	–	कष्ट देना
6.	धारा 509	–	यौवन उत्पीड़न
7.	धारा 366 – बी. –		21 वर्ष से कम की लड़की को भगाना

महिला अपराधों का प्रतिशत –

क्र. संख्या	वर्श	महिलाओं के प्रति अपराधों का प्रति ात
1	1995	6.4
2	1996	6.8
3	1997	6.4

उपरोक्त आकडे यह दर्शाती है कि समाज में महिलाओं के प्रति अपराध लगातार बढ़ रहे है। उपरोक्त आकडे केवल वही है जोदर्ज है इसके अलावा कई अपराध परिवार के सदस्यों द्वारा किये जाते है जो दर्ज नही हुए है। आज आवश्यकता इस बात की है कि व्यक्तियों की मनोवृत्ति को बदलना है ताकि सदस्य समाज की रचना हो सके व महिलाएँ भी पूरें सम्मान के साथ अपना जीवन जी सके। कई महिलाएँ ऐसी होती है जिन पर इस प्रकार घटना घटित होती है वे आत्महत्या तक कर लेती है। उन्हे आत्महत्या करने से रोकना है यह कार्य स्वयं के माध्यम से ही संभव है।

वर्तमान परिवेश में बढ़ता युवा तनाव

सुनिता साहू एवं आरती ताम्रकार

एम.ए. पूर्व (समाजशास्त्र), शास. माता शबरी नवीन कन्या महाविद्यालय बिलासपुर (छ.ग.)

प्रत्येक समाज में युवा वर्ग का पाया जाना स्वाभाविक बात है, देश की उन्नति या विकास के क्षेत्र में युवा वर्ग का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। वास्तव में एक स्थिर समाज पूर्वजों के अनुभव पर चलता है। जबकि एक प्रगतिशील समाज नवयुवकों के विचारों पर। इसका अभिप्राय यह है कि युवक वर्ग में नवीनता के प्रति लगाव होता है। यह वर्ग में उत्साही होता है। जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में यह वर्ग परिवर्तन चाहता है। परिवर्तन आधुनिक समाज की एक घटना मानी जा सकती है। देश का युवा वर्ग अपने कार्य जब पूरा करने में अपने आपको असमर्थ पाता है तो ऐसी स्थिति में निराशा तथा असंतोष की भावना जागृत होती है। यही युवाओं में तनाव पैदा करता है जिससे की युवा तनाव के नाम से जाना जाता है।

आज देश में युवा तनाव ने एक जटिल समस्या का रूप धारण कर लिया है। वैसे तो देश में अनेको समस्याएँ आयी, लेकिन कुछ न कुछ हल उनका अवश्य किया गया, लेकिन युवा तनाव की समस्या एक ऐसी समस्या है जो दिन प्रतिदिन जीवन के विभिन्न क्षेत्रों में इसका स्वरूप प्रत्येक्ष एवं अप्रत्येक्ष दोनो ही रूपों में परिलक्षित होता है। जिनका निराकरण करना महा कठिन है। अभी हाल में ही देश में घटित होने वाली घटनाऐं इसकी ज्वलंत उदाहरण है। विद्यार्थी अनुशासन की घटनाये, बंगाल में मजदूर आंदोलन की घटनाये तथा स्थान – स्थान पर युवकों द्वारा आयोजित सभायें, जुलूस आदि युवा तनाव के रूप में नही देखा जा सकता है।

Govt. Naveen Girls College Bilaspur (C.G.)

आज आवश्यकता इस बात की है कि युवाओं में दिन–प्रतिदिन बढ़ते तनाव के कारणों को समझा जाये और उनका निदान करके युवाओ की शक्ति को रचनात्मक दिशा में आगे बढ़ाया जाये तथा समाज व देश में विकास किया जाये। यह समाज एक युवा वर्ग है, जो देश की विकास गंगा को निरंतर आगे बढ़ाने में अपना योगदान दे सकता है।

...

वर्तमान समाज में तलाक की बढ़ती प्रवृत्ति

रश्मि सिंह ठाकुर एवं पूर्णिमा साहू

एम.ए. अंतिम (समाजशास्त्र), शास. माता शबरी नवीन कन्या महाविद्यालय बिलासपुर (छ.ग.)

यह एक सार्वभौमिक तथ्य है कि विवाह अपने में एक सम्पूर्ण व्यवस्था नही है इसमें कुछ असफलताएँ भी होती है तथा कुछ विवाह टूटते भी हैं इसीलिए सभी समाजों में असफल विवाहों के निपटाने के लिए कुछ विधियाँ विकसित की जाती है। तलाक एक ऐसी ही विधि है जिसके द्वारा समाज असफल दम्पति को पुनः विवाह करने का अवसर प्रदान करता है।

तलाक शब्द अंग्रेजी के 'Divorce' शब्द का हिन्दी रूपांतरण है 'Divorce' शब्द लैटिन भाषा के शब्द Divortiam से बना जिसका अर्थ है अलग हो जाना।

तलाक के प्रकार :– तलाक सार्वकालिक और सार्वदेशिक क्रिया है इसलिए इसके स्वरूप और प्रकार में भिन्नताएँ पाई जाती है। इलियर और मैरिल ने तलाक के दो प्रकार बतलाएँ है–

1. पूर्ण तलाक :– यह तलाक का वह प्रकार है जिसमें वैवाहिक अधिकार और दायित्व पूरी तरह समाप्त हो जाते है और स्त्री पुरूष का पूरी तरह सम्बंध विच्छेद हो जाता है। वे प्रथम अस्तित्व के रूप में निवास करते है।
2. आंशिक तलाक :– आंशिक तलाक को दूसरे शब्दों में वैधानिक तलाक भी कहा जाता है इसके द्वारा विवाह समाप्त नही होता है अपितु केवल यह पति और पत्नी को कानूनी पृथकता प्रदान करता है जिसके द्वारा एक बिस्तर और एक भोजनालय से पृथक हो जाते है। यह तलाक तब तक साथी रहता है जब तक कि स्त्री और पुरूष एक ही निवास में रहने को सहमत नही हो जाते है।

वर्तमान समाज में भौतिकता की चकाचौंध, शक्तिवादी, दृष्टिकोण तलाक के प्रतिशत को लगातार बढ़ा रहा है आवश्यकता इस बात कि है कि तलाक की प्रवृत्ति को कम करने के लिए पति पत्नी में समायोजन हो तथा उनके बच्चों का ठीक तरह से परवरिश हो सकते है। परिवार की पुरातन व्यवस्था को बनाये रखे।

...

Govt. Naveen Girls College Bilaspur (C.G.)

युवाओं में बढ़ता असंतोषः कारण व निदान

कु. प्रज्ञा शर्मा एवं कु.विजेता ठाकुर
छात्रा – बी.ए.द्वितीय, शास. माता शबरी नवीन कन्या महाविद्यालय बिलासपुर (छ.ग.)

आज के युवाओं में बढ़ता असंतोष, बढ़ती हिंसक प्रवृत्ति का कारण क्या है? क्यों युवाओं को उनका भविष्य अनिश्चित नजर आता है? युवा वर्ग में ही सबसे ज्यादा ऊर्जा भरी हुई है किन्तु उस ऊर्जा के प्रयोग के लिए युवा सही राह क्यों नही चुन पाते? क्यो 15–29 वर्ष की आयु वर्ग के युवा हो हिन्सक गतिविधि अपन लेते है और परिणाम होता है .....

युवा वर्ग क्यों असंतुष्ट है? इसके अनेक कारण हमें स्पष्ट परिलक्षित होते है जैसे –

- आज माता–पिता अपने बच्चो से अधिक अपेक्षाएँ रखते है जिसके कारण भी उन पर सामाजिक दबाव बढ़ता जाता है। समाज की कसौटियो पर खरा न उत्तर पाने के कारण उनमें हीन भावना आ जाती है। बच्चो के साथ किस तरह का व्यवहार किया जाना चाहिए? उनकी भावनाओं को कैसे समझे, इसके लिए अभिभावको को भी विशेष ध्यान देना होगा।
- हमारी वर्तमान शिक्षा प्रणाली में भी बहुत बड़ी कमी है जिससे कि छात्रो को अपने पैरो में खड़े होने पर काफी समय लग जाता हैं। शिक्षा व्यवस्था ऐसी हो कि छात्रो के भीतर छिपी कलात्मक प्रतिभाओं को उभारा जा सके। जिससे कि वो अपने पैरो पर खडे हो सके। आज की शिक्षा से छात्रो में विवके बढ़े ताकि छात्र के अन्दर अच्छे बुरे को पहचानने की क्षमता उत्पन्न हो सके। अध्यापको को केवल विषय ज्ञान ही नही अपितु व्यावहारिक ज्ञान व बाल मनोविज्ञान से परिचित करना होगा।
- आज की युवा पीढ़ी में कुशाग्रता का अभाव है जिसके कारण भी वो उपराध की ओर रूख करते है।
- आज के भौतिकवादी युग में माता–पिता बच्चो को समय नही दे पाते हैं और उनकी पूर्ति तो पैसो से करना चाहते है। यह प्रवृत्ति भी गलत है क्योंकि माता–पिता से मिलने वाले संस्कार व शिक्षा कही और से नही मिल सकती है।
- हमारी व्यवस्था भी दोषी है युवाओं के इस कृत्य के पीछे वो व्यवस्था जिसको हम नजरअंदाज कर जाते है पर उनका ही परिणाम युवा वर्ग भुगत रहे है।

अतः आज आवश्यकता है नये चिंतन की भागदौड भरी दिनचर्या में भी अपने बच्चो के लिए कुछ समय की उन्हे संस्कारो से परिचित कराने की सही दिशा–निर्देश देने की ताकि वो अपने राह पर भटके न व समाज के नागरिक होने के कारण आवश्यकता है कि हम सब युवाओं के मनोविज्ञान को समझे व उन्हें सही दिशा दिखाने का प्रयास करें व एक स्वस्थ समाज की कल्पना को सम्भव बनाये।

Govt. Naveen Girls College Bilaspur (C.G.)

भाई–बहिन का रिश्ता एवं अभिभावक की भूमिका

कु. मिनाक्षी साहू एवं हेमलता साहू
छात्रा – एम.ए.पूर्व हिन्दी, शास. माता शबरी नवीन कन्या महाविद्यालय बिलासपुर (छ.ग.)

वैसे तो हर घर में भाई–बहनों का रिश्ता बड़ा ही विशेष होता है। जहां इस रिश्ते में प्यार इतना अधिक होता है कि एक को आंच आने पर दूसरा मरने–मारने को तैयार हो जाता है, वहीं कभी–कभी ठीक इसके विपरीत भी हो जाता है। कई भाई–बहन भाग्यशाली होते है कि वे आपस में पक्के दोस्त होते है, पर भाई–बहनों में झगड़ा होना बहुत आम है। कई बार भाई–बहनों में मन का बैर दूसरे बच्चे के जन्म से पहले ही शुरू हो जाता है और बड़े होते होते बढ़ता ही जाता है। उनमें खिलौनों, चॉकलेट्स, जगह, परिवारजन के ध्यान और प्यार हर चीज के लिए प्रतिस्पर्धा होती है। वयस्क होते भाई–बहनों में कभी–कभी शादी–ब्याह, पढ़ाई, करियर में तुलना और प्रतिस्पर्धा इतनी अधिक हो जाती है कि वह सधारण मतभेद या तू–तू, मैं–मैं न रहकर दूश्मनी या बिगड़ते रिश्ते में परिवर्तित हो जाती है।

1. **दूरिया दूर करे :–** जीवन के किसी भी पड़ाव पर अपने भाई–बहन से मन मुटाव होने पर कलह दूर करने की पहल करे। यदि बातचीत बंद हो तो सारी पुरानी बाते बिसराकर बातचीत शुरू करें। आपके बच्चों को मामा–बुआ की जरूरत होती है, आपको स्वयं जीवन के किसी मोड़ पर किसी अपने की जरूरत होती है। हमारे बुजुर्ग कहते है कि खून का रिश्ता सबसे अटूट होता है, वह गलत नही है। गिले–शिकवे भुलाकर संबंध सुधारने का प्रयास करे।

2. **कहकर तो देखें :–** मन में जो भी है उसे अपने भाई–बहन से कहकर देखे। यदि आपको किसी व्यवहार का कारण जानना है तो पूछें या आप चाहते है कि वह आप से क्षमा मांगे, तो वह भी उसे जाहिर करें। मन में रखने से किसी समस्या का हल नही होता। अव्वल तो सम्भावना है कि आपकी समस्या का समाधान मिल जाएगा, नही तो कह देने से भी कम से कम दिल का बोझ हल्का हो ही जाएगा।

3. **इसमें उसकी क्या गलती ? :–** कई बार एक बच्चे की अधिक प्रशंसा होने के कारण दूसरा उसके प्रति नकारात्मक और ईर्ष्यापूर्ण हो जाता है। कम प्रशंसा पाने वाले को सोचना चाहिए कि सबका नजरिया ऐसा है। इसमें प्रशंसा प्राप्त कारने वाले भाई–बहन का क्या दोष, अत: अपने रिश्ते में क्यो क्लेश पनपने दें ? यह रिश्ता तो ईश्वर का अनमोल देन है। इसे किसी कीमती मोती की तरह सहेज कर रखे।

1. **हर बच्चे का अपना अस्तित्व है:–** कभी भी दो बच्चों में तुलना करने की भूल न करें और न कभी उनमें प्रतिस्पर्धा का भाव आने दे । हमेशा एक की जीत में दूसरे को खुश होने का रास्ता दिखाए। हर बच्चे को अपना लक्ष्य दें, जो सिर्फ उसी को ध्यान में रख कर बनाया गया हो। हर बच्चे का अपना अस्तित्व है उसे उसी तरह से विकसित होने दे।

2. **बीच में न पड़े :–** जितना हो सके अभिभावकों को बच्चों का झगड़ा सुलझाने के लिए बीच में नही आना चाहिए, जब तक बच्चों को जोर से चोट आने का डर न हो। आपके दखल देने से बच्चे हर बार आपसे अपेक्षा करेंगे कि आप उन्हे बचाये जबकि होना यह चाहिए कि उन्हें अपनी

उलझनें स्वयं सुलझाना आना चाहिए। एक अन्य जोखिम यह है कि जिस बच्चे को अधिकांशतः बचाया जाता है तो डांट खाने वाले बच्चे को यही लगता है कि उसका भाई या बहन ही माता पिता का फेवरेट है।

...

मनोवैज्ञानिक समस्या के निदान में भाषा की भूमिका

कु. निकिता देवांगन . कु. बैंजंती कोठारी

एम.ए. पूर्व हिन्दी, शा. माता शबरी नवीन कन्या महाविद्यालय बिलासपुर छ.ग.

मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है। समाज में रहने के नाते उसे आपस में सर्वदा ही विचार विनिमय करना पडता है। कभी वह शब्दो या वाक्यो द्वारा अपने आपको प्रकट करता है, तो कभी सिर हिलानें से उसका काम चल जाता है।

'भाषा वह साधन है , जिसके माध्यम से हम सोचते है तथा अपने विचारो को व्यक्त करते हैं, 'किन्तु भाषाविज्ञान, में हम भाषा का अध्ययन विश्लेषण करते हैं।

भाषा और मनोविज्ञान :— भाषाविज्ञान और मनोविज्ञान का बहुत गहरा संबंध है, भाषाविज्ञान की वाहिका है, और विचारों का सीधा संबंध मस्तिस्क तथा मनोविज्ञान से है। इस प्रकार भाषा की आंतरिक गुत्थियो को सुलझाने में भाषाविज्ञान मनोविज्ञान से बहुत अधिक सहायता लेता है , विशेषतः अर्थविज्ञान तो पूर्णतः मनोविज्ञान पर ही आधारित है। वाक्य विज्ञान कें अध्ययन में भी मनोविज्ञान से पर्याप्त सहायता मिलती है। इसी प्रकार कभी कभी ध्वनि–परिवर्तन के कारण जानने के लिए भी हमें मनोविज्ञान की शरण लेनी पड़ती है। भाषा की उत्पत्ति और प्रारंभिक रूप की जानकारी में भी मनोविज्ञान , विशेषताः बाल–मनोविज्ञान और अविकसित लोगो का मनोविज्ञान हमारी बहुत सहायता करता है। दूसरी और मनोविज्ञान भी भाषाविज्ञान से कम सहायता नहीं लेता । पागलों के मनोवैज्ञानिक उपचार में उनके द्वारा कही गई ऊलूल –जलूल बातो के विश्लेषण जिसमें भाषा विज्ञान से पर्याप्त सहायता मिलती है– के द्वारा ही उनकी मानसिक गुत्थियों एंव ग्रंथियो का पता लगाया जाता है।

किसी भी मनोवैज्ञानिक समस्या का निदान बातचीत के द्वारा ही संभव हैं और बातचीत में भाषा महत्वपूर्ण साधन हैं। शब्द और अर्थ के माध्यम से ही मनोवैज्ञानिक विश्लेषण कर समस्या का निदान करते हैं।

...

S. Haveen Girls College Govt. Bilaspur (C.G.)

परिवारिक विघटन

कु. आरती साहू
एम.ए. (सेमेस्टर) राजनीतिक विज्ञान, शासकीय माता शबरी नवीन कन्या महाविद्यालय बिलासपुर (छ.ग.)

परिवारिक विघटन आज के आधुनिक युग में बहुत ही हो रहा है क्योंकि आज के समय में परिवारिक संबंधों का बड़ा ही प्रभाव पड़ रहा है। प्रत्येक बालक के व्यक्तित्व के विकास के क्षेत्र में भी परिवार का महत्व होता है, माँ से अगर बालक वंचित रखा जाता है तो बालक पर प्रारम्भिक परिवारिक अनुभवो का महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। जन्म के बाद बालक का पहला वातावरण परिवार ही होता है, यही वातावरण बालक में कुछ अभिवृत्तियो का निर्माण करता है। बालको के विकास में परिवारिक संबंधो के महत्वपूर्ण स्थान देखने को मिलता है। अभी के समय में परिवार का आकार छोटा ही देखने को मिलता है। गांव की अपेक्षा शहरों के परिवार अधिक छोटे होते है, गांव और शहरों की अपेक्षा बहुत कम पढ़े – लिखे लोगो की अपेक्षा पढ़े – लिखे लोगो के परिवर अपेक्षाकृत अधिक छोटे होते है। भारतीय परिवारो में तालाक की प्रथा आज एक सामान्य सी बात हो गई वर्तमान समय में पुर्नविवाह भी पहले की अपेक्षा अधिक होने लगी है, बच्चा के जन्म के बाद पिता का कार्य पहले से बढ़ जाता है। परिवारिक विघटन के अनेक कारण है, औद्योगिकरण और नगरीकरण है, बेरोजगारी सुविधाओ का अभाव, अन्य संस्कृतियो का प्रभाव आदि कुछ कारण है, जिनके फलस्वरूप परिवारिक विघटन हो रहा है। व्याक्तियो के संबंध स्थिर कम तथा परिवर्तनशील अधिक होते है।

जब बालक अपना अधिकांश समय परिवार से बाहर व्यतीत करने लग जाता है तब उसमें नये मुल्यों के रूढ़ियो का विकास होने लगता है। आज माता पिता और पुत्र के दुर्बल संबंध के कारण भी परिवारिक संबंधों में हर्ष होता है। वर्तमान समय में नये बच्चे के पैदा होने के बाद पति – पत्नि और परिवार के सदस्यो के बीच व्यवहारो में में परिवर्तन आ जाता है। मनोविज्ञान के अध्ययन करने से पता चलता है कि अनेक कई संरक्षको का तिरस्कार बालको में अनेक लक्षण उत्पन्न करता है, जैसे कुछ सहायता की भावना, कुछ सामायोजन, समाज विरोधी व्यवहार, झूठ बोलने की आदत आदि तिरस्कार के कारण परिवारिक संबंधो को प्रभावित करता है। हम यह भी जानते है कि माँ अपने बेटे का बेटीयों की अपेक्षा अधिक पक्ष लेता है। पिता अपने बेटा की अपेक्षा बेटीयों का अधिक पक्ष लेते है। परिवार के कोई मुखिया व्यक्ति का व्यवहार सही होता है परिवार पर अच्छी दृष्टिकोण बना रहता है और गलत होने पर परिवार का विघटन हो जाता है अभी के वर्तमान समय में परिवार को तोड़ने के अनेक कारण देखा जा सकता है। आधुनिक परिवार न्यूक्लियर परिवार बढ़ता है। इस परिवार में पति – पत्नि और बच्चे ही सम्मिलित होते है।

Naveen Girls College Govt. M.S. Bilaspur (C.G.)

अभिभावक और बच्चों के बीच सम्बन्ध

शशिकला सूर्यवंशी
कक्षा–एम.ए.अन्तिम वर्ष (हिन्दीसाहित्य) अध्यक्ष,

शकुन्तला साहू,
कक्षा–एम.ए.अन्तिम वर्ष (हिन्दीसाहित्य)
शा.माता शबरी स्नातकोत्तर नवीन कन्या महाविद्यालय, बिलासपुर

अमेरिकी चाइल्ड साइकोलॉजिस्द एलिजाबेथ हर्थले ने हाल ही में वहां के बच्चों पर एक षोध किया और वह इस निश्कर्श पर पहुंची कि जीवनशैली की बढ़ती व्यस्तता की वजह से पैरेंट्स अपने बच्चों को समय नही दे पाते जिससे उनका आत्मविश्वास कमजोर पड़ता जा रहा है। भले ही यह षोध अमेरिका मे किया गया है लेकिन भारत मे भी स्थितियां कमोवेश ऐसी ही है।

एक अन्य सर्वेक्षण में पाया गया कि भारत मे 5 में से 4 बच्चे (2–14 वर्श) अनुषासन के नाम पर घारों और विद्यालयों में सजा पाते है तथा 17प्रतिशत बच्चे गंभीर षारीरिक/मानसिक सजा के षिकार होते हैं।

हमारे यहां परवरिष के दौरान 'डर' नामक तत्व,अनुषासन के नाम पर इतना कूट–कूट कर भरा जाता है कि बच्चे अपना आत्मसम्मान ही खो बैठते है।

ऐसी समस्या से बचाव के लिए मनोवैज्ञानिक हर्थले ने यह सुझाव दिया कि पेरेंट्स को नियमित रूप से अपने बच्चे के साथ क्वॉलिटी टाइम जरूर बिताना चाहिए। भले ही आप अपने बच्चे के साथ क्वॉलिटी टाइम न बिता पाएं पर थोड़े से वक्त में उसे ढेर सारा प्यार तो दिया ही जा सकता है। फुर्सत के पलों में आप बच्चे की रूचि से जुड़ा कोई भी कार्य कर सकती हैं। इसके लिए सबसे पहले आप यह पहचानने की कोषिष करें कि रोजमर्रा की कौन – सी ऐसी एक्टिविटीज है, जिन्हें आपके साथ बच्चे भी एंजॉय कर सकते हैं। मसलन मॉर्निंग वॉक, टीवी देखना, पौधों को पानी देना, घर की सफाई और कुकिंग जैसे छोटे–छोटे घरेलू कार्यो में अपने साथ बच्चों को भी जरूर षामिल करें। इसके साथ ही–

- पैरेंट्स को चाहिए कि बच्चों कि सराहना सबके सामने करें डांटना–मारना आदि अकेले में हो। बच्चों को गलत व्यवहार के लिए सजा की बजाय सही व्यवहार क्या है वो बताएं।
- किसी भी प्रकार का डर,गिल्ट न दें।
- अपषब्दों का प्रयोग, चीखना, चिल्लाना, इमोषनल ड्रामा न करें।
- आप बहुत कड़े नियम,कानून – कायदे बच्चों पर लागू करने से बचें। नियम सभी पर एक जैसे लागू होने चाहिए।
- आप स्वयं क्लीयर रहें तथा अपने कमिटमेंट्स को फॉलो करे।
- अगर बच्चा छोटा है तो पैरेंट्स को चाहिए कि रोज सोने से पहले बच्चे को कम से कम एक कहानी जरूर सुनाएं।
- बच्चों के साथ अपनी दिनचर्या षेयर करने से भावनात्मक रूप से खुद को सुरक्षित महसूस करते है और उनमें सहयोग की भावना विकसित होती है।

Govt. M.S. Naveen Girls College Bilaspur (C.G.)



राष्ट्रीय कार्यशाला

सामाजिक न्याय युक्त आर्थिक विकास

01 एवं 02 मार्च, 2017

प्रायोजक

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, क्षेत्रीय कार्यालय, भोपाल (म.प्र.)

ान - विज्ञान विमुक्तये

:: आयोजक ::

अर्थशास्त्र विभाग

शासकीय माता शबरी स्नातकोत्तर नवीन कन्या महाविद्यालय

सीपत रोड, बिलासपुर (छ.ग.)

अनुक्रमणिका

S.No.	Title	Writer	Page No.
1	भारतीय संविधान में सामाजिक न्याय की अवधारणा	भूपेन्द्र करवंदे	1
2	आर्थिक विकास के सामाजिक परिवर्तन में महिलाओ की भूमिका	डॉ. रेखा वागडे	2
3	छत्तीसगढ़ में पलायन की समस्या एवं सामाजिक न्याय	श्रीमती अर्चना अग्रवाल	3
4	आर्थिक विकास और औद्योगिकरण	डॉ. प्रतिमा बैस, रूकमणी गेंदले	4
5	गरीबी एवं आर्थिक विकास	श्रीमती रेखा मखीजा	5
6	नवगीतों में – आर्थिक शोषण की अभिव्यक्ति	डॉ. पी.डी.महंत	7
7	समाजिक विकास में मनरेगा की भूमिका	डॉ. आदित्य कुमार दुबे, कु.ऋचा श्रीवास्तव	8
8	छत्तीसगढ़ के श्रमिकों का पलायन	डॉ. हरिणी रानी आगर	9
9	आर्थिक विकास एवं गरीबी	डॉ. एम. आर. आगर, दामिनी निर्मलकर	10
10	गरीबी एवं आर्थिक विकास	कल्पना अभिषेक पाठक	11
11	छत्तीसगढ़ में पलायन की समस्या : एक सामाजिक पहल	श्रीमती आस्था गौरहा	13
12	भारतीय संविधान में सामाजिक न्याय के उपबंध	पूर्णिमा साहू, रूकमणी गेंदले	14
13	न्याय और आर्थिक विकास	डॉ. श्रीमती नाज बेन्जामिन	15
14	आर्थिक विकास और औद्योगिकरण	डॉ.एल.एन. दुबे, कु. निधि मौर्य	16
15	मानव एवं आर्थिक विकास	डॉ. श्रीमती अर्चना शुक्ला	17
16	आर्थिक विकास पर कुपोषण का प्रभाव	श्रीमती शोभा महिस्वर	18
17	जनसंख्या वृद्धि एवं खाद्य समस्या का इतिहास परक अध्ययन	डॉ. श्रीमती शशिकला सिन्हा	19
18	निराला काव्य में पूंजीवाद पर व्यंग्य	श्रीमती बेला महंत	21
19	विमुद्रीकरण एवं कैशलेस प्रणाली की उपादेयता	कु. ललिता साहू	22
20	आर्थिक व्यवस्था में कैषलेस प्रणाली की उपादेयता	डॉ. श्रीकांत मोहरे	23
21	धारणीय कृषि एवं आर्थिक विकास	डा.एल.एन.दुबे, कु. रेखा प्रधान	25
22	भारतीय संविधान में सामाजिक न्याय के उपबंध	कु. प्रथा शर्मा	26
23	दलितों का आर्थिक विकास एवं सामाजिक विमुक्ति	प्रीति पटेल	27
24	सामाजिक विकास मे मनरेगा की भूमिका	रघुनंदन पटेल	28
25	जनसंख्या तथा पर्यावरण–एक ऐतिहासिक एवं भौगोलिक अध्ययन	अनिल तिवारी	30
26	कुपोशण आर्थिक विकास पर प्रभाव	कु. प्रियंका यादव, सुरेखा कौशिक	31
27	ब्रिटिष कालीन भारत में कृषि का वाणिज्यीकरण	कु.रोशनी मिश्रा	32
28	गरीबी एवं आर्थिक विकास	श्रीमति भारती टेकाम	33
29	आधुनिक भारतीय अर्थव्यवस्था एवं कैषलेस प्रणाली का विकास	शकील आमिर खान	35
30	सहित्य में आर्थिक शोषण की अभिव्यक्ति	सृजन महंत	36
31	कुपोषण आर्थिक विकास पर प्रभाव	नेहा मौर्य (समाजषास्त्र)	37
32	आर्थिक विकास में लघु और कुटीर उद्योग की भूमिका	मोनिका यादव, शकुन्तला साहू	38
33	आर्थिक विकास में लघु एवं कुटीर उद्योग की भूमिका	गौरव दुबे, कु. नेहा वर्मा	39
34	आर्थिक विकास और औद्योगीकरण	नंदनी साहू, सरिता ध्रुव	40
35	भारतीय अर्थव्यवस्था में लघु एवं कुटीर उद्योगों का महत्व	मिनाक्षी साहू, हेमलता साहू	41
36	गोदान में आर्थिक शोषण की अभिव्यक्ति	कु. निकिता देवांगन, कु. बैजंती कोठारी	43
37	छत्तीसगढ़ के आर्थिक विकास में कृषि का योगदान	कु. पूनम गौरहा, कु. संतोषी साहू	44
38	धारणीय कृषि एंव आर्थिक विकास	ज्योति कौषिक, साधना यादव	45
39	ब्रिटिष काल में भारतीय हस्तषिल्प उद्योगो की स्थिति भारतीय अर्थव्यवस्था और भारतीय पूँजीपति वर्ग	उषा साहू, ज्योति साहू	46

M.S. Govt. College Naveen Girls Bilaspur (C.G.)

40	आर्थिक विकास और औद्योगिकीकरण	कु. संगीता लिबर्टी, कु. सुधा लिबर्टी	47
41	छ.ग. के रायगढ़ जिले मे पलायन पावर हब से डाइंग सिटी	श्रीमती स्नेहलता सिंह, राजकुमारी साहू	48
42	भारतीय संविधान में सामाजिक न्याय के उपबन्धन	दुर्गेश्वरी राजपूत, अमृता देवांगन	49
43	ब्रिटिश कालीन भारत में कृषि का वाणिज्यीकरण	पद्मावती खोभे	50
44	आर्थिक विकास एवं पर्यावरण	पूनम अहिरवार, पूर्णिमा साहू	52
45	कुटीर उद्योग एवं आर्थिक विकास	त्रिवेणी साहू	53
46	छत्तीसगढ़ में पलायन की समस्या और सामाजिक न्याय	कु. आरती साहू कु. ममता चन्द्राकर	54
47	आर्थिक व्यवस्था में कैषलेस प्रणाली की उपादेयता	कु. दुर्गा साहू कु. सावित्री देवांगन	54
48	जनसंख्या वृद्धि एंव खाद्य समस्या का इतिहास परक अध्ययन	ममता पटेल, उर्मिला कष्यप	55
49	ब्रिटिश कालीन भारत में कृषि का वाणिज्यीकरण	कु. प्रज्ञा शर्मा, कु. विजेता ठाकुर	56
50	CASHLESS ECONOMY: OPPORTUNITIES & CHALLENGES AHEAD FOR INDIA	ARUN VADYAK KALPANA KANWAR DEEPIKA DARSHAN	57
51	SAFEGUARDS OF PLANT VARIETIES & FARMER'S RIGHTS IN INDIA: INTERPRETING THE ROLE OF IPRS IN RURAL DEVELOPMENT	VIKRAM SINGH	58
52	ROLE OF POPULATION GROWTH IN ECONOMIC DEVELOPMENT	DR. DEEPAK SHUKLA DR. SANGEETA SHUKLA	60
53	CASHLESS SOCIETY	DR. SHRIKANT MOHRE	61
54	MGNREGA: REALITY OR MYTH	DR.AARTI SINGH THAKUR	63
55	IMPACT OF ECONOMICAL DEVELOPMENT ON ENVIRONMENT	DR. MONALISA SHARMA DR. B.R CHOUKSEY	64
56	UTILITY OF CASHLESS SYSTEM IN ECONOMIC SYSTEM	MISS APURVA SHARMA	65
57	ROLE OF SMALL SCALE INDUSTRIES IN ECONOMIC DEVELOPMENT OF INDIA	PRIYANKA SHRIVAS YASHWANT KUMAR YADAV	67
58	IMPACT OF SOCIAL EXCLUSION IN HAMPERING ECONOMIC GROWTH	KHUSHBOO SHAH BABITA PANDEY	67
59	EFFECT OF MALNUTRITION ON ECONOMIC GROWTH	SHAILY DEEWAN	68
60	MAPPING VULNERABILITIES OF TRIBAL WOMEN: CONTEXTUALIZING ISSUE OF FORCED MIGRATION	SARITA SONWANI DEEPIKA SINGH BAIS	69
61	THE SOCIO-ECONOMIC IMPACT OF CHILD MALNUTRITION IN INDIA	BHAWNA PRASAD	70
62	MIGRANT PROBLEMS IN CHHATTISGARH & SOCIAL JUSTICE	DR. RAJESH SHUKLA	71
63	ग्रामीण विकास	डा. अंबुज पाण्डे	72
64	आर्थिक स्थिति–एक समीक्षा	रेणुका दुबे, रागिनी सिंह, हिमानी सिंह	74
65	छत्तीसगढ में पलायन की समस्या एवं सामातिक न्याय	प्रत्यक्षा तिवारी	75
66	धारणीय कृषि एवं आर्थिक विकास	कु. गरिमा दुबे	76
67	POPULATION AND ECONOMIC DEPARTMENT	RITU GAURAHA, PRATIBHA DUBEY	77
68	INDUSTRIALIZATION IN ECONOMIC DEVELOPMENT	AJAZ AHMAD DASS	77
69	WOMEN EMPOWERMENT THROUGH MGNREGA IN CG	SHRADDHA DAS	80
70	भारतीय संविधान में सामाजिक न्याय के उपबंधन	डॉ. उषा तिवारी	82
71	आर्थिक विकास एवं पर्यावरण	डॉ. संजीव कुमार शर्मा, रानु डड़सेना	83
72	गरीबी एवं आर्थिक विकास	डॉ. शरद देवांगन, कु. शिला साहू	84
73	जनसंख्या वृद्धि समस्या एवं समाधान	डॉ. एल.एन.दुबे, डॉ. विनोद अग्रवाल सुनंदा कश्यप	85
74	महिला एवं बाल विकास: स्थिति एवं प्रयास	डॉ. आशा कुमारी प्रसाद	87
75	महिला सशक्तिकरण में मनरेगा की भूमिका	डॉ.भावना कमाने	89

Govt. M.S. Naveen Girls College Bilaspur (C.G.)

श्रमिकों की संख्या एवं यान्त्रिक दूषित के प्रयोग आदि के आधार पर लघु उद्योगो का वर्गीकरण किया जात है किन्तु सन् 1967 से श्रमिकों की संख्या एवं भक्ति के प्रयोग की पूर्ति को हटा दिया गया तथा केवल प्लाण्ट एवं मशीनों में किए गए पूंजी विनियोग की मात्रा को ही लघु आधार माना जाने लगा ।

लघु उद्योगों की प्रमुख भूमिका :–

ग्रामीण एवं लघु उद्योगों के लिए सरकार द्वारा नियोजन काल में अनेक सुविधाएं एवं लघु उत्प्रेरणाएं दी गई है तथा उनकी सहायता एवं मार्गदर्शन के लिए अनेक संस्थाओं की स्थापना की गई है जिसका वर्णन आगे उसी अध्याय में किया जाएगा। फिर भी उन उद्योगों के समझ अनेक प्रकार की कठिनाइयॉं एवं बाधाएँ है। कुटीर उद्योगों की सबसे बड़ी बाधा कच्चे माल को पर्याप्त मात्रा में प्राप्त करने के विषय में है। आयातित अथवा नियंत्रित माल की दशा में यह कठिनाई और अधिक बढ़ जाती है। प्रायः यह देखने में आता है कि लघु उद्योगों को निर्धारित की गई मात्रा उन्हे नहीं मिल पाती वित्त का अभाव दूसरी प्रमुख बाधा पर्याप्त साख या वित्तीय सुविधाओं का अभाव है लघु उद्योगपति की जोखिम पूंजी सीमित होती है। भारतीय लघु उद्योग विकास बैंक की स्थापना अप्रेल 1990 में की गई तकनीकी सुविधाओं का अभाव कुटीर उद्योगों की उपयोगिता की बनायें रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है संगठन की दृष्टि से लघु उद्योगो एवं बड़े उद्योगो में विशेष अंतर नही किया जा सकता। यदि कोई अंतर है भी तो वह केवल स्तर का है जैसा कि उनके नाम से ही स्पष्ट है।

निष्कर्ष :– आर्थिक विकास में लघु एवं कुटीर की उद्योगों द्वारा उत्पादित माल के विक्रय के विषय मे भी राजकीय राष्ट्रीय एवं अन्तर्राराष्ट्रीय स्तर पर विशिष्ट संगठनों की जरूरत है।

—00—

आर्थिक विकास और औद्योगीकरण

नंदनी साहू, सरिता ध्रुव
एम.ए.अंतिम (समाजशास्त्र), शासकीय माता शबरी नवीन कन्या महाविद्यालय, बिलासपुर

औद्योगीकरण आर्थिक विकास की एक सतत् प्रकिया है। वर्तमान युग औद्योगिक युग है उद्योग ही आर्थिक विकास का आधार है। आर्थिक विकास के रूप मे औद्योगिक कांति इंग्लैड से जन्मी कांति का ही परिणाम है। इस कांति से मशीनो का प्रयोग बढा तथा उद्योग का विशाल पैमाने पर विस्तार हुआ। और धीरे धीरे औद्योगीकरण व नगरीयकरण का विकास हुआ जिससे शिक्षा वैज्ञानिक प्रगति गतिशीलता जनसंचार का विकास और राजनीतिक चेतना आदि इसके तत्व है । उद्योग का आशय आर्थिक विकास के साथ उद्योगो में यंत्रो और मशीनो को

Govt. M.S. Naveen Girls College Bilaspur (C.G.)

अपनाने की प्रकिया प्रारंभ होती गयी। इसी प्रकिया प्रांरभ होती गयी इसी प्रकिया का यंत्रीकरण (Mechnization) के नाम से जाना जाता है।

"औद्योगीकरण आर्थिक विकास की व्यापक प्रकिया का केवल अंग मात्र है जिसका उद्देश्य उत्पादन के साधनो की क्षमता में वृद्धि करके जन–जीवन स्तर को ऊँचा उठाना है" आर्थिक विकास में औद्योगीकरण से उत्पन्न लाभ राष्ट्रीय आय में वृद्धि कृषि की उन्नति संतुलित अर्थव्यवस्था पूँजी निर्माण में वृद्धि बेकारी की समस्या का हल आदि।

औद्योगीकरण का आर्थिक विकास के रूप मे कई प्रदेश विकसित हुए है। कोलकाता , अहमदाबाद , मुम्बई , दिल्ली , मेरठ , अमृतसर आदि। आर्थिक विकास में औद्योगिक प्रबंध तथा संगठन का विशेष महत्व है। शॉप परिषदे तथा संयुक्त परिषदे (shop) Councils and Joint Councits में अक्टूबर 1975 मे श्रम मंत्रालय (ministry of Labour) ने श्रम विभाजन का महत्व को बताया है।

—00—

भारतीय अर्थव्यवस्था में लघु एवं कुटीर उद्योगों का महत्व

मिनाक्षी साहू, हेमलता साहू

एम. ए. (पूर्व हिन्दी) शा.माता शबरी नवीन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय बिलासपुर (छ.ग.)

किसी भी राष्ट्रका विकास जब तक पूर्ण नहीं माना जा सकता जब तक कि उस राष्ट्र के गॉवों का विकास नहीं हो जाता। यह कथन भार के परिपेक्ष्य में और भी महत्वपूर्ण हो जाता है क्योंकि हमारे देश कि अधिकांश जनता गाव में निवास करती है या दुसरे शब्दो में कहे तो भारत गॉवों में बसता है।

ग्राम्य विकास को प्राथमिकता देते हुए ग्रामीण क्षेत्रो में ऐसे उद्योगों के बढावा दिया जाता है। जो स्थानीय अवश्यकताओ कि पूति कर सके व कच्चा माल असानी से उपलब्ध हो सके ऐसे कार्यो के लिए विशेष प्रशिक्षण या तकनिकी जानकारी कि आवश्यकता नही होती सामान्यतया उद्योग तीन प्रकार के होते हैं, वृहद् उद्योग, लघुस्तरीय उद्योग व कुटीर उद्योग एवं ग्रामीण उद्योग।

भारतीय औद्योगिक आयोग के अनुसार – उन उद्योगों का कुटीर उद्योगों की श्रेणी में रखा जाता है जिन्हें श्रम जीवी अपने घरों में चलाते हैं और जिनके कार्य का आकार छोटा तथा स्थानीय मॉग के अनुरूप होता है। इस सम्बन्ध में विद्युत् शक्ति का प्रयोग करना अथवा न करना कोई महत्व नहीं रखता, किन्तु वही उद्योग अन्य श्रमिकों की सहायता से चलायें जाये तो वह लघु उद्योग कहलायेगा।

Naveen Girls College Govt. M.S. Bilaspur (C.G.)

भारतीय अर्थव्यवस्था में लघु व कुटीर उद्योगों का महत्व

विश्व के समस्त राष्ट्र लघु व कुटीर उद्योगों के महत्व को स्वीकार करते हैं, बल्कि विकसित देशों में उनके आर्थिक ढॉचे का ताना –बाना ही इन उद्योगों के आधार पर बुना हुआ है। लघु उद्योगों की सर्वव्यापकता एवं सार्वभौमिकता पर प्रकाश डालते हुए भारतीय प्रशुल्क आयोग ने स्पष्ट लिखा है। कि यह आधुनिक लघु उद्योगों की सापेक्षिक सुदृढ़ता ही है। जिसके कारण इग्लैण्ड,अमेरिका, ब्रिटेन, और जापान जैसे विश्व के प्रगतिशील देशों की अर्थव्यवस्था में भी उन्हें एक व्यापक और सम्मानित स्थान मिला है।

इसके महत्व को हम निम्न बिन्दुओं द्वारा स्पष्ट कर सकते हैं।

1. **बेकारी में कमी** – भारत के बेकारी एक अभिशाप के रूप में व्याप्त है। लघु एवं कुटीर उद्योगों के विकास से हीं इससे मुक्ति पाना सम्भव हैं। क्योंकि कम पूँजी से अधिक व्यक्तियों को रोजगार दे पाने में ये उद्योग समर्थ हैं।
2. **ग्रामीण अर्थव्यवस्था क अनुकूल** – भारत कि अधिकांश जनता ग्रामों में ही निवास करती है और ये जनसंख्या कृषि पर ही आधारित हैं। कृषकों को पूरे वर्ष भ कार्य न मिलने के कारण उनकी आर्थिक स्थिति कमजोर रहती है। अतः ऐसी स्थिति में कुटीर उद्योगों का महत्व और भी बढ़ जाता है।
3. **रोजगार** – वर्तमान समय में रोजगार की दृष्टि से भी लघु उद्योगों का स्थान उँचा हैं।
4. **आय के समान वितरण में सहायक** – पूँजीवादी अर्थव्यवस्था के कारण समस्त पूँजी व शक्ति का केन्द्रीकरण हो जाता है जबकि ग्रामीण एवं लघु उद्योगों के विकास होने से पूँजी व शक्ति का समान वितरण होता है।
5. **कला का विकास :–** भारत में क्षेत्रीयता के आधार पर संस्कृति व कला पायी जाती है तथा ये क्षेत्रीय कलाएँ वहॉ रहने वाले लोगो कि एक प्रकार से मनोभावों का प्रतिनिधित्व करती हैं। इनके विकास से राष्ट्रीय कला व प्रतिभा का विकास होता हैं।
6. **देश की आत्मनिर्भरता में सहायक** – लघु व कुटीर उद्योगों के विकास से स्थानिय आवश्यकताओं की पूर्ति होती है, लोगों को रोजगार मिलता है, इससे जुड़े हुए व्यक्तियों को आर्थिक लाभ पहूँचता हैं।
7. **बड़े उद्योगों के लिये सहायक** – लघु उद्योग बड़े उद्योगों के लिये आवश्यक कलपुर्जे व सहायक सामान का उत्पादन करते हैं।
8. **औद्योगिक समस्याओं से मुक्ति** – बड़े उद्योगों में आजकल कोई–न– कोई समस्या रहती है, जिसके कारण वे अचानक बन्द हो जाते हैं। जिससे उसमें कार्य कर रहे श्रमिकों को अचानक कार्यमुक्त होना पड़ता हैं। लघु एवं कुटीर उद्योगों के विकास से इन समस्याओं से मुक्ति पायी जा सकती हैं। इनके अलावा और भी बातें हैं जो कि इनके महत्व को स्पष्ट करती हैं। जैसे लघु व कुटीर उद्योगों में रोजगार की स्थिरता व सुरक्षा रहती हैं तथा इनमें उत्पादन इकाई की स्थापना में कम समय लगने के कारण उत्पादन शीघ्र होने लगता हैं।

—00—

Govt. M.S. Naveen Girls College Bilaspur (C.G.)

गोदान में आर्थिक शोषण की अभिव्यक्ति

कु. निकिता देवांगन, कु. बैजंती कोठारी
एम.ए. पूर्व हिन्दी, शा. माता शबरी नवीन कन्या महाविद्यालय बिलासपुर छ.ग.

'गोदान' में युग जीवन को उद्वेलित करने वाली विविध समस्याओ का चित्रण करना प्रेमचन्द का मुख्य उद्देश्य था। जीवन के कुछ अनुभवो से प्रेमचन्द इस परिणाम पर पहुँचते हैं कि सामन्त एवं पूंजीवादी दोनो प्रकार के शोषण से मुक्ति मिलने पर ही भारतीय जनता का उद्धार हो सकता है। इसलिए 'गोदान' मे उन्होने एक साथ सामन्ती और पूँजीवादी शोषण की प्रतारणाओ का चित्रण किया है। प्रतारणाओं का अन्त होने पर ही समानता के आधार पर जो वर्ग–हीन समाज स्थापित होगा, उसमें ही होरी का स्वप्न साकार होगा और सभी सुखी होंगे।

'गोदान' में युग–संस्कृति का एक समग्र और समवेत चित्र उपस्थित हुआ है।सन् 1935 में राष्ट्रीय–कांग्रेस ने पहली बार श्रमिकों और कृषकों की संगठित शक्ति को मान्यता प्रदान की। देश में श्रमिक और कृषक आन्दोलन के अंग होते हुए पृथक स्वतन्त्र और संगठित अस्तित्व बन गये। अस्तित्व के प्रभाव मे वर्ग–वैषम्य को समाप्त कर वर्ग–हीन समाज की स्थापना की चेतना स्पष्ट हो चली थी। भविष्य श्रमिक वर्ग की संगठित शक्ति के हाथ में होगा।

जीवन भर संघर्ष करते हुए होरी की दयनीय मृत्यु दिखाकर प्रेमचन्द समाज के सामने यह मूक प्रश्न उपस्थित कर देते है कि यह व्यवस्था कब तक चलेगी। साथ ही गोबर के विद्रोह के रूप मे यह संन्देश भी देते है कि यह व्यवस्था अधिक दिन चलने की नही है।

"किस प्रकार अपनी परिस्थितियॉं और संस्कारो से पिसता हुआ वह दरिद्र प्राण (होरी–किसान) करूण मृत्यु प्राप्त करता है , किस प्रकार सभी का पेट भरता हुआ वह स्वयं अपने जीवन की किसी सामान्य इच्छा को पूर्ण करने में असमर्थ रहता है, यह सब कुछ दिखाना 'गोदान' का लक्ष्य है।"

'गोदान' भारत में अबाध चल रहे शोषण– चक्र का यथार्थ रूप सामने रख देता है। इसमे भारतीय जनता का दुःख दरिद्रता और पीडा स्पष्ट हो जाती है और साथ ही पीडा और दुःख–दरिद्रता के मूल स्त्रोत भी सामने आ जाते है। पाठको के समक्ष पतनोन्मुख रूढिवादी हिन्दू–समाज के चरमराते हुए ढॉचें का यथार्थ रूप सामने आ जाता है।

'गोदान' मे तीन वर्ग है। पहला कृषक वर्ग है यह वर्ग सर्वाधिक दुःखी ,पीडित ,शोषित और निराश है । होरी इसका प्रतिनिधित्व करता है। दूसरा वर्ग मालती–मेहता जैसे लोगो का है। इसे मध्यम वर्ग कह सकते है। इस वर्ग की आर्थिक दशा अच्छी नही है। मेहता अपने लिए अचकन तक नही सिलवा पाते। उनके ऊपर मकान–किराये की डिग्री तक हो जाती है। तीसरा वर्ग शोषको का है , इनका प्रतिनिधित्व रायसाहब और खन्ना आदि करते है इस शोषक वर्ग की करतूतो का 'गोदान' से भंडाफोड हुआ है रायसाहब सर्वाधिक शोषक है। वे ऊपर से मीठी बातें करते है , किन्तु यथार्थ में वे हिंसक पशु है। मेहता ने रायसाहब की पोल खोल कर उनकी यथार्थ स्थिति पाठको के सामने रख दी है–

Govt. M.S. Naveen Girls College Bilaspur (C.G.)

" मानता हूँ आपका व्यवहार अपने आसामियो के साथ अत्यन्त नरम है पर यह तों इसलिए कि मद्धिम आग में भोजन और भी स्वादिष्ट पकता है।"

'गोदान' में प्रेमचन्द ने ऐसे ही शोषको का भंडाफोड़ किया है। इसमे पूँजीवादी शोषण का यथार्थ चित्र सामने आ जाता है।

—00—

छत्तीसगढ़ के आर्थिक विकास में कृषि का योगदान

कु. पूनम गौरहा, एम.ए.अंतिम इतिहास
कु. संतोषी साहू एम.ए.पूर्व इतिहास
शास.माता शबरी नवीन कन्या महाविद्यालय बिलासपुर (छ.ग.)

देश के 26 वे राज्य के रूप में छत्तीसगढ राज्य का गठन 1 नवम्बर सन् 2000 को हुआ। गठन के इन 16 वर्षो मे छत्तीसगढ ने विकास के बहुआयामी पायदानो को प्राप्त किया है। प्राकृतिक संसाधनो से समृद्ध यह राज्य जहॉ खनिज राजस्व की दृष्टि से देश का दूसरा बडा राज्य एवं वनोपज की दृष्टि से तीसरा बडा राज्य है,वही फसल की दृष्टि से अंगेजी धान का कटोरा कहे जाने वाले राज्य मे कुल कृषि योग्य भूमि के 67 प्रतिशत भाग मे चावल की खेती होती है।

छत्तीसगढ की अर्थव्यवस्था कृषि प्रधान है छत्तीसगढ की लगभग 80 प्रतिशत जनसंख्या कृषि एवं कृषि आधारित उद्योग धंधो पर आश्रित है छत्तीसगढ की कुल भूमि के लगभग 51.5 प्रतिशत भाग मे कृषि कार्य किया जाता है। छत्तीसगढ मे वृहत और मध्यम उद्योगो का विकास अपेक्षित रूप से नही हो पाया है अतः अधिकांश लोगो के अजीविका का मुख्यतः कृषि पर आधारित होने के साथ–साथ लोगो के रोजगार का प्रमुख साधन भी है प्रदेश की आय का प्रमुख साधन अनेक उद्योगो के लिए कच्चे माल का स्त्रोत सरकार के राजस्व का स्त्रोत एवं पशुधन के विकास मे सहायक तथा अंतराष्ट्रीय व्यापार के विकास मे सहायक है।

छत्तीसगढ मे हरित कांति सन् 1966 में जिला सघन कृषि कार्यकम के माध्यम से शुरू हुई इसके लिए रायपुर जिला का चयन किया गया था। इस योजना के अंतर्गत कृषि महाविद्यालय में अनुसंधान केन्द्र की स्थापना की गई जहां नई प्रजातियो के उन्नत बीज तैयार किये गये। इसके लिए सरकार द्वारा अनुदान की व्यवस्था की गई और सिंचाई परियोजनाओ को प्राथमिकता दी गई इसी उद्देश्य से राज्य के केदार बांध तथा पं. रविशंकर शुक्ल जलाशय का निर्माण किया गया।

छत्तीसगढ राज्य का प्रमुख व्यवसाय कृषि है कृषि समस्त उद्योगो की जननी तथा औद्योगिकरण का मूल आधार है भारतीय अर्थव्यवस्था कृषि प्रधान अर्थव्यवस्था है इसलिए कृषि अर्थव्यवस्था की रीढ माना जाता है। कृषि उद्योग आर्थिक विकास मे परिवर्तन के लिए आवश्यक ही नही बल्कि यह महत्वपूर्ण हैं। फसलो के उत्पादन एवं उत्पादकता मे वृद्धि के लिए उच्च

युक्त बीज की महत्वपूर्ण भूमिका होती है प्रमाणित बीज के उत्पादन कृषको को अनुदान ाज प्रकिया केन्द्रो की स्थापना बीज गोदाम निर्माण कराने के फलस्वरूप प्रदेश मे उच्च युक्त बीज के उत्पादन एवं उपयोग मे उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

—00—

धारणीय कृषि एंव आर्थिक विकास

